हरियाणा केसरी
4
फरीदाबाद-पलवल केसरी
Regional Supplement of Punjab Kesari, Delhi 15 अप्रैल, 2015, बुधवार

समारोह

अग्रवाल महाविद्यालय ने मनाया दीक्षांत समारोह

चुनौतियों के लिए तैयार रहे युवा

बल्लभगढ़,(कृष्ण गोस्वामी): युवाओं को बदलते समय की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तन मन से समक्ष होना चाहिए,ताकि वे अपनी इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को आसानी से पूर्ण कर सके। यह बात मंगलवार को बल्लभगढ़ के अग्रवाल महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह के अवसर पर सुप्रिम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय अर्जुन कुमार सीकरी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश नरेश कुमार सांघी मौजूद थे। समारोह में 789 छात्र-छात्राओं को स्नातक व परास्नातक उपाधियां प्रदान की गई। सभी अतिथियों का समारोह में आने पर अग्रवाल विधा प्रचारिणी सभा के पूर्व प्रधान लाला रतन सिहं गुप्ता,प्रधान देवेन्द्र गुप्ता,प्राचार्य डा.कृष्णकांत गुप्ता व प्रबन्ध समिति के सभी सदस्यों एंव प्राध्यापकों माल्यार्पण व पुष्प भेंट करके किया। इस अवसर पर महाविधालय के 17 मेधावी विधार्थी जिन्होंने विश्वविधालय की मैरिट लिस्ट में पहले 15 स्थान तक वरीयता सूचि में स्थान प्राप्त किए हैं उन्हें मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा डिग्रीयां प्रदान की गई। प्राचार्य ने अतिथियों का परिचय देते हुए महाविधालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर महाविद्यालय के विभिन्न क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को बदलते समय की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तन मन से समक्ष होना चाहिए,ताकि वे अपनी इच्छाओं और महत्वकांक्षओं को आसानी से पूर्ण कर सके। उन्होंने प्राचार्य डा.कृष्णकांत गुप्ता को महर्षि दयानंद विश्वविधालय का सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए महाविधालय प्रबन्ध समिति की प्रशंसा की एनएसएस के रचनात्मक कार्यो की सराहना करते हुए नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर स्थानिय एस.डी.एम डा. प्रियंका सोनी सहित जिला न्यायालय से न्यायाधीश विशेष रूप से उपस्थित थे।

अग्रवाल महाविद्यालय में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करते हुए, सुप्रिम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय अर्जुन कुमार सीकरी,उनके साथ खड़े हैं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश नरेश कुमार सांघी व डा.कृष्णकांत गुप्ता। (छाया:गोस्वामी)